एक नजर में

## चातुर्मास में सिद्धि तप की आराधना के साथ लाभार्थी परिवार का हुआ बहुमान



**कुक्षी।** नगर में चल रहे चातुर्मास मे तपस्याओ की कड़ी में बुधवार को सिद्धि तप की तपस्या पुण्य सम्राट गुरुदेव के आशीर्वाद से व साध्वी श्री लब्धिनिधि श्री जी म सा आदि ठाना 4 की निश्रा मे प्रारम्भ हुई है। यह तपस्या 44 दिवस की रहती है , कुल 36 उपवास व 8 बयासने आते है। प्रात: से ब? उपाश्रय से साध्वी जी और सभी तपस्वीओ के साथ डौल बजाते हुए नगर के मुख्य मार्ग से भोजन शाला पहुंच कर तपस्वीओ को मांगलिक श्रवण करवाया। मिडिया प्रभारी स्वस्तिक जैन ने बताया चातुर्मास समिति के सदस्यों द्वारा बयासने के प्रथम लाभार्थी छगनलाल हस्तिमल जैन मारवा?ी परिवार का बहुमान जैन श्री संघ व चातुर्मास समिति द्वारा किया गया। चातुर्मास मे प्रतिक्रमण, भक्तामर –पाठ पक्षाल, पूजा, प्रवचन, शाम को प्रतिक्रमण में समाजजन बढ़ चढकर हिस्सा ले रहे हैं ।

## पुरानी रंजिश में दो भाइयों पर हमला

**इंदौर .** तेजाजी नगर क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर तीन आरोपियों ने दो सगे भाइयों के साथ मारपीट कर दी . झगड़े के दौरान आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए . तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित असरावद खुर्द में एक बार फिर पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया . यहां रहने वाले आनंद मालवीय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोगों ने उसे और उसके भाई आलोक को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटा . थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी निशांत परमार, भंवर सिंह और रामचरण परमार ने पुराने विवाद को लेकर दोनों भाइयों को गालियां दीं और फिर लात-घूंसों से हमला कर दिया . आरोप है कि मारपीट के बाद तीनों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकले . पुलिस ने पीड़ित आनंद की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है . फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है .

## मोबाइल पर गेम खेल रहे युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर .** परदेशीपुरा क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया . एक युवक ने गाली गलौज के बाद पास पड़ा पत्थर उठाकर दूसरे युवक के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया . पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की . परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर शिवालय लाइब्रेरी के पास हुए विवाद में युवक पर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया गया . घायल युवक की पहचान अनिकेत पिता राजेंद्र निवासी परदेशीपुरा के रूप में हुई है . अनिकेत ने पुलिस को बताया कि वह अपने मोबाइल फोन पर गेम खेल रहा था, तभी आरोपी रूद्रांश सिसोदिया उर्फ कान्हा पिता महेश सिसोदिया वहां आ पहुंचा और बेवजह बहस करने लगा . अनिकेत ने उसे टोकते हुए कहा कि तू अपने घर का ध्यान रख, जिस पर रूद्रांश भड़क गया और गालियां देने लगा . अनिकेत द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने पास में रखा हुआ पत्थर उठाया और सीधे उसके सिर पर दे मारा . हमले से अनिकेत के सिर से खून बहने लगा . आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद अनिकेत को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया . पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी रूद्रांश के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं .

## सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की बैठक का आयोजन



**महू .** चोपड़ा वाटिका में बुधवार को सर्व ब्राह्मण महिला मंडल महू की बैठक का आयोजन हुआ . आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई . साथ ही महू विद्वत परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा काशी महाराज का स्वागत सम्मान डा . स्वर्णा दुबे सचिव श्रीमति आरती शर्मा, दीपा पाठक, निशा दुबे, रेणु शुक्ला, अखिलेश शर्मा, मीनू जोशी, मीना शर्मा, विजया शर्मा आदि ने मालवी पगड़ी, शाल, श्रीफल, पटका डाल कर स्वागत किया व सकल हिंदू समाज को दिशा देने एवं सनातन संस्कृति की रक्षा का आव्हान किया .

## नगर परिषद महूगांव में सड़क का भूमिपूजन



**महू .** स्थानीय नगर परिषद महूगांव द्वारा तीव्र गति से किये जा रहे विकास कार्यों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत वार्ड क्र 2 शांति नगर महूगांव में सड़क का भूमिपूजन किया गया . स्थानीय नागरिक रोड की समस्या से पीड़ित थे . बारिश के समय में रास्ते पर पानी भर जाने तथा कीचड़ होने से अत्यधिक समस्या होती थी, सड़क बनने से रहवासियों का आवागमन सुगम होगा . उक्त सडक के भूमिपूजन सें स्थानीय रहवासियों में काफी हर्ष का माहौल था . उक्त सड़क के भूमि पूजन में नगर परिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी, न .प . उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, नगर अध्यक्ष निकोस मुलिक राहुल द्विवेदी, ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी पूजा पंकज श्रीवास उमेश परिहार अजय चौधरी मनीष जगदीश पाटील दीपक पंडोले पंकज श्रीवास एंव सथानीय गणमान्य नागरीक उपस्थित थे .

## कावड़ यात्रा का किया स्वागत

**महू .** नगर में सनातनी विधायक गोलु शुक्ला की कावड यात्रा जो कि महेश्वर से प्रारंभ होकर उज्जैन की प्रसथान करती है . उक्त कावड यात्रा का आज महू नगर में प्रवेंश होने पर नगर परिषद महूगांव के अध्यक्ष नवीन तिवारी द्वारा भव्य मंच लगाकर संनातनी विधायक गोलु शुक्ला को भगवान परशुराम का परसा भेट कर स्वागत वंदन किया . उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद महूगांव के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, नगर अध्यक्ष निकोस मुलिक, गोविदं शेखावत एवं पार्षद गण राहुल द्विवेदी ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी, पुजा पंकज श्रीवास, उमेश परिहार, अजय चौधरी, दीपक पंडोले जगदीश पाटील, पंकज श्रीवास, श्याम सिंह झाला, दिनेंश यादव सुधीर पांडे महिला मौर्चा के मीनु भदौरिया, शारदा चौबे आशा कैथवास शीनु तिवारी, शारदा यादव गुजा चौरे ने पुष्प वर्षा कर भव्य कावड यात्रा का स्वागत किया .

# पत्रकारिता पर हमेशा संकट रहा, लेकिन यह उनकी नियति : वानखेड़े

**धार ।** पत्रकारों को सत्य और सिद्धांत पर अड़िग रहना चाहिए। सत्य प्रस्तुति के लिए है, स्तुति के लिए नहीं। पत्रकारों के लिए जरूरी है वह संघर्ष करे पर उसके लिए अपनी जमीन न छोड़े। इस समय पत्रकारों के लिए सामाजिक सुरक्षा एक बडा मुद्दा है। धार जिला पत्रकार संघ ने इस आवश्यकता को समझा है। यह बात बुधवार को धार जिला पत्रकार संघ के शब्द समागम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देश के वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेडे ने सत्ताधारी पार्टियों और दबाव वाली राजनीति करने वाले नेताओं पर तीखा प्रभार करते हुए कहा कि पत्रकार शब्दों से खेले पर संभलकर। पत्रकार और पत्रकारिता गहरे संकट में है क्योंकि पत्रकारिता के लिए जरूरी संविधान खूद संकट में है। संविधान को बचाना है तो पत्रकारिता को जिंदा रखना पडेगा। उन्होंने कहा कि शहरी पत्रकारों को किसी भी प्रकार के रोजगार के अवसर उत्पन्न हो जाते हैं लेकिन ग्रामीण पत्रकारों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ता है साथ ही सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता करने पर दबाव बनाया जाता है। एफआरआई करने की धमकियां मिलती है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री पटेल ने कहा कि विश्वास का संकट हर कहीं है, राजनीति में सबसे ज्यादा। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे आडम्बर छोडे, इस समाज में प्रश्न जीवित रहने का नही है आवश्यकता सीमित हो तो व्यक्ति अपने सिद्धांतों पर अडिग रह सकता है। आडम्बर के कारण हम संकट में घिरते है। उन्होने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकार अपने परिवार की सुरक्षा पर ध्यान दे। राजनीति के समान पत्रकारिता भी सेवा के लिए है व्यापार के लिए। मैंने अपने गुरू का आदेश मानकर राजनीति को सेवा ही समझा है। उन्होंने अशोक वानखेडे के तीखे हमलों का जवाब देते हुए कहा कि 2014 के पहले तो राजनेताओं पर कोई विश्वास ही नहीं करता था। कुछ बातों का जवाब समय देता है और कुछ का इतिहास। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 11 साल में काफी विकास हुआ है। धार जिला भी इसमें शामिल है। धार जिले के पत्रकार काफी सजग है उन्होंने पं छोटू शास्त्री को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

मुख्य वक्ता वानखेडे ने कहा कि पत्रकारिता सही मायने में ग्रामीण क्षेत्र में ही जिंदा है। शहर की पत्रकारिता केवल औपचारिता रह गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकार केवल प्रामाणिक खबरे ही दे लगातार रिसर्च करे। रिसर्च कभी बेकार नहीं जाती। हमारे लिए सबसे बडा रिवांड जो है वह आम लोगों द्वारा दिए जाने वाला सम्मान है। सरकार से कोई अपेक्षा नहीं रखे। वैसे भी पत्रकार विपक्ष का मित्र होता है। पत्रकारिता में ह्युमन टच जरूरी है। मंत्री पटेल से अपने संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि वे राजनीति में दुलर्भ व्यक्तित्व है।

वहीं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने धार जिला पत्रकार संघ को सुझाव दिया कि वह पत्रकारों अर्फोडेबल हाउसिंग स्कीम बनाए वे इसमें मदद करने के लिए तैयार है। पत्रकार जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षण करते है यह अनुकणीय काम है। एसपी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि छोटे अखबार भी प्रशासन में बडा सुधार कर सकते है। उन्होने एक छोटे अखबार की खबर की आधार पर जिले में पुलिसकर्मियों के तबादले किए। इसके बाद पूरे प्रदेश में पुलिसकर्मियों के तबादले हुए जिसके अच्छे परिणाम भी रहे। विधायक नीना वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निलेष भारती, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल व कांग्रेस के प्रदेश सचिव हरदेवसिंह जाट ने भी अपने विचार रखे।




### प . छोटू शास्त्री ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कहा

धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष प. छोटू शास्त्री ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कहा कि शब्द समागम 10 वर्ष से निरंतर आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान हम पत्रकार साथियों की चिंता करते है। उनके लिए दो लाख रूपए की बीमा पॉलिसी देने का काम शुरू किया था जिसकी राशी अब दस लाख रूपए हो गई है। इस वर्ष 800 पत्रकारों को यह बीमा पॉलिसी भेट कर रहे है। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर वरिष्ठ पत्रकार स्व. राजेन्द्र माथुर, स्व. कृष्णलाल शर्मा, स्व. अरविंद काशीव के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर शब्द समागम 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष प. छोटू शास्त्री एवं महासचिव प्रदीप अगाल सहित उपस्थित पत्रकारों ने किया। इस अवसर पर वार्षिक स्मारिका 'धार की धडकन' का विमोचन एवं जिले के 800 पत्रकारों को 10-10 लाख रूपए की बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण शर्मा एवं धार जिला पत्रकार संघ के महासचिव प्रदीप अगाल ने किया। आभार जिला पंत्रकार संघ के संरक्षक पुष्पा शर्मा ने माना। मंत्री ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ कार्यक्रम के अंत में मंत्री प्रहलाद पटेल ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।





# सांसद सावित्री ठाकुर ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट

### केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया से केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की मुलाकात हुई

**धार।** गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री एवं धार महू लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर संसदीय क्षेत्र धार में डाकघरों के निर्माण और मोबाइल टावर स्थापना के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। श्रीमती ठाकुर ने बताया कि विगत दिनों लोकसभा क्षेत्र वासियो ने नविन मोबाइल टावर स्थापना का मांग पत्र दिया था और ग्रामीणों ने बताया था की हमारे कुछ गावों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलता है जिससे हम लोगो परेशानी का सामना करना प?ता है। हमारा उद्देश्य है कि ज़िले के दूरदराज़ क्षेत्रों तक बेहतर डाक और संचार सुविधाएँ पहुँचें, जिससे जनता को तेज़, सरल और भरोसेमंद सेवाएँ मिल सकें। साथ ही इस दौरान क्षेत्रीय विकास, महिला सशक्तिकरण तथा जनकल्याण से जुड़े विविध विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उक्त जानकारी संजय शर्मा ने दी।

# गुरु भक्तों ने किया राधे-राधे बाबा का स्वागत

***स्वागत में सड़क मार्ग आतिशबाज़ी और फूलो से पट गई ग्रेवाल परिवार ने आरती उतारी***

**सरदारपुर।** अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा के महन्त प्रमुख और श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या ट्रस्टी के पूर्व प्रवक्ता राधे-राधे बाबा का बुधवार रात 9 बजे नगर आगमन हुआ। बाबा के आगमन पर भक्तो में जबरजस्त उत्साह दिखाई दिया गया। पंचमुखी चौराहा, बस स्टैंड पर भक्तो ने जमकर आतिशबाज़ी के साथ फूल वर्षाकर माला पहनाकर स्वागत किया। बस स्टैंड से मुख्य मार्ग से होते हुए नपं अध्यक्ष मीनाक्षी अर्पित ग्रेवाल के निवास पर ग्रेवाल परिवार द्वारा बाबा की आरती उतारकर आशिर्वाद वचन लिया। बाबा के स्वागत सम्मान में सड़क मार्ग फूलो के साथ पट गई थी। बाबा के साथ हितेश शर्मा बदनावर, मधुसुदन व्यास बांसवाड़ा, आनंदीलाल तिवारी, मेघनगर, गोलू भैय्या कोटडी राजस्थान साथ थे।





# नशे से दूर रहें, जीवन को सुरक्षित बनाएं

**सरदारपुर.** नशा मुक्ति जागरण अभियान सरदारपुर में गुरुवार को चलाया गया विद्यालय के बच्चों को नशे से दूर रहने की विशेष जानकारी दी गई नशा करने से पूरा जीवन अंधकारमय बन जाता हे

थाना सरदारपुर , गुरुवार को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी के दिशा निर्देश के पालन में नशा मुक्ति जागरण अभियान चलाया जा रहा है थाना सरदारपुर की आमजनता एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदारपुर के बच्चों को नशे से दूरी है जरूरी शॉर्ट फिल्म बताकर नशे से दूर रहने हेतु समझाईस दी गई। सदरपुर थाना प्रभारी रोहित कच्छावा एवं उनके समस्त स्टाफ मौजूद रहा, ,

# आदिवासी किसानों के साथ दुर्व्यवहार पर जयस ने सौंपा ज्ञापन

**मनावर ।** जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह बर्मन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम एक ज्ञापन नगर पालिका इंजीनियर रेखा मंडलोई को सौपा गया जिसमें बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र से सीमांत आदिवासी किसान जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल है अपने खेतों में ऑर्गेनिक सब्जियों तैयार कर बाजार में बेचने के लिए आते है लेकिन सब्जी मंडी में जो स्थानीय सब्जी व्यापारी है उनके द्वारा इन आदिवासियों के साथ में दुर्व्यवहार किया जाता है इनके साथ अप शब्दों का प्रयोग किया जाता है तथा इन्हें छोटी-छोटी दुकान नहीं लगाने दी जाती है यह छोटे से आदिवासी किसान अपनी आजीविका चलाने के लिए कम खेती में भी सब्जियां बोकर जीवन यापन करते हैं वही सब्जी मंडी में कुछ तथा कथित दुकानदारों द्वारा स्थाई रूप से अपनी दुकान तैयार कर रखी है जिन्हे वे गुमटी बनाकर वहीं पर छोड़ जाते हैं तथा जहां पर यह आदिवासी दुकान लगाते हैं वहां पर जबरन उन्हें हटाया जाता है ।मंगल चौक पर लगने वाली दुकानों को सामने ही सब्जी की दुकान लगाने वाले स्थाई दुकान द्वारा बैठने नहीं दिया गया जिससे उनकी सब्जियां खराब हो गई उनके द्वारा रोते हुए सारी घटना बताई गयी। प्रदेश की सरकार छोटे सीमांत किसानों को सब्जी तथा अन्य प्रकार की फसल बोने हेतु प्रेरित कर रही है वहीं स्थानीय दुकानदारों के आगे नगर पालिका भी मोन साधे हुए बैठी है । तथा वह आदिवासियों के हित में नहीं सोचती है अगर इन छोटे दुकानदारों के समर्थन में नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो जयस द्वारा आदिवासी के हितों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। वही मंगल पांडे चौक से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई।



एक नजर – बतौर अतिथि धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री , सांई के सेंटर इंचार्ज नवीन भावसार की गरिमामयी उपस्थिति

# धार में पहला ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट शुरू

**धार। धार जिले में पहली बार आयोजित जिला ओपन स्कूल पिकलबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य शुभारंभ 17 जुलाई को सी.के. चंदेल स्कूल परिसर में हुआ। इस टूर्नामेंट में जिले के 13 स्कूलों के खिलाड़ी भाग ले रहे है। टूर्नामेंट में 13 विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले खेले जा रहे है। प्रतियोगिता में बालक व बालिकाओं के सिंगल्स, डबल्स व मिक्स डबल्स इवेंट्स में अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-18 आयु वर्ग के मुकाबले होंगे।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री , नवीन भावसार (सेंटर इंचार्ज, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया), आशा सेंगर डायरेक्टर, सी.के. चंदेल स्कूल, आशा जैन , प्राचार्य, सी.के. चंदेल स्कूल और उमंग अग्रवाल स्पोर्ट्स आफिसर, पी.जी. कॉलेज, धार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पंडित छोटू शास्त्री ने आयोजन को सराहते हुए कहा कि धार जिला पिकलबॉल एसोसिएशन का स्कूल स्तर पर यह प्रयास पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

अतिथियों ने धार पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा विद्यालय स्तर पर इस प्रकार का आयोजन करने के लिए सराहना की और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर धार पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्वल सिंह, सचिव हितेश देवनानी, उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा , कोषाध्यक्ष लक्षित जोशी सहित एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट के आयोजन से पहले निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों को पिकलबॉल की बारीकियां सिखाई गईं। इस शिविर को सफल बनाने में कोच जयंती सोलंकी व शुभी व्यास का विशेष योगदान रहा।




